आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 दिसम्बर 2025 सान्ध्य समाचार

सदन में आज फिर से चुनाव सुधारों पर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस सांसद अजय माकन ने चर्चा की शुरुआत की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में चुनाव सुधारों पर गृहमंत्री अमित शाह के भाषण की सराहना की।

चुनाव आयोग की जिसको वह कटघर में खड़े करने की कोशिश कर रहे थे, प्रतिपक्ष के नेता तो उसका जवाब हमारे गृहमंत्री ने दिया जवाब सुना ही नहीं उन्होंने और ठीक ही कहा जो इस देश का नागरिक नहीं वह इस देश की मतदाता सूची में सम्मिलित कैसे हो सकता है।

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने विपक्ष को निर्वाचन आयोग और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर पर भ्रामक सूचनाएं फैलाने पर कड़ा जवाब दिया है।

****

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समय–सीमा पन्द्रह दिन के लिए बढ़ा दी है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब छब्बीस दिसंबर दो हजार पच्चीस तक गणना प्रपत्र भरे जा सकेंगे। उन्होंने बताया कि अब निर्वाचन नामावलियों का आलेख प्रकाशन इकतीस दिसंबर दो हजार पचीस को होगा।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर रेलवे स्टेशन और झूले लाल रैन बसेरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जरूरतमंदों को गर्म कंबल और भोजन वितरित किया। साथ ही वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी ली। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

रैन बसेरों का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद को शीतलहर से बचाने और सम्मानजनक आश्रय देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए जहां रैन बसेरों को पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जा रहा है, वहीं तहसीलों और नगर निकायों को जरूरतमंदों में ऊनी वस्त्र एवं कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोई भी व्यक्ति फुटपाथ, प्लेटफार्म या सड़क पर खुले में न लेटे। यदि कोई ऐसा पाया जाता है उसे रैन बसेरों में पहुंचाया जाए और इसकी निरंतर निगरानी भी की जाए। समाचार कक्ष से विवेक सिंह

मुख्यमंत्री ने आज दिन में जौनपुर पहुंच कर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री–स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के पिता को श्रद्धांजलि अर्पित की।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह गोरखपुर के गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान करीब तीन सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रत्येक फरियादी से मुलाकात की और उनकी बात सुनीं। श्री योगी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लोगों की समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए।

****

केन्द्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जल मार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज वाराणसी के नमो घाट से देश के पहले हाईड्रोजन चालित जलयान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में देश के पहले हाईड्रोजन ईधन चालित जलयान का शुभारंभ हुआ है। यह प्रदूषण मुक्त भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु और स्टाप एवं पंजीयन राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल भी उपस्थित रहे।

****

काशी तमिल संगमम के चौथे संस्करण के तहत आज भी विविध कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का आयोजन हुआ। एक रिपोर्ट–

बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में कुशल पेशेवरों और शिल्पकारों के लिए आयोजित पाचवें शैक्षणिक सत्र में केन्द्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम देश के दो प्राचीन और समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को अदभुत रूप से जोड़ने वाला एक महत्वपूर्ण मंच है। आज ही तमिलनाडु से आए किसानों के प्रतिनिधि मंडल ने अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

****

सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित उस वीडियो का खंडन किया है जिसमें दावा किया गया है कि नई श्रम संहिता के तहत कारखाना मालिक श्रमिकों को बारह घंटे काम करने के लिए मजबूर करेंगे और उन्हें केवल आठ घंटे का वेतन देंगे। वीडियो में यह भी दावा किया गया है कि अब कारखाने के श्रमिकों के विश्राम समय का निर्धारण भी वे स्वयं करेंगे। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि ये दोनों दावे झूठे हैं।

****

अयोध्या जिले के थाना पूराकलंदर के कल्याण भदरसा गांव के पास प्रयागराज हाईवे पर मध्य प्रदेश से आ रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी आज तड़के एक ट्रैक्टर ट्राली से टकरा गई। इस हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब एक दर्जन श्रद्धालु घायल हो गये। यह सभी लोग अयोध्या में दर्शन–पूजन के लिए जा रहे थे।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी संभागों के तराई क्षेत्रों में आज और कल कहीं–कहीं घने कोहरे की चेतावनी दी है।
(डेस्क)

****